मेरा श्याम मेरे घर आने वाला है

आने वाला है आने वाला है
मेरा श्याम मेरे घर आने वाला है
सारे तालियां बजाओ मिल के राधे राधे गाओ
आज राधा संग रास रचाने वाला है

मुझे फोन शाम का आया था
कल आऊंगा यह बतलाया था
सुनके शाम की जुबानी मैं
तो हो गई दीवानी
संग राधा जी के रास रचाने वाला है

आज घर को खूब सजाएंगे
फूलों का आसान लगाएंगे
सारे आरती उतारो
प्यारे शाम को निहारो
वो तो राधा संग रास रचाने वाला है

मैंने माखन खूब बनाया है
और उसमें मिश्री मिलाई है
पंखा प्यार से झुलाओ
कान्हा को भोग लगाओ
वो तो राधा संग रास रचाने वाला है

मैंने भक्तों को घर पे बुलाया है
कान्हा का कीर्तन कराया है
सारे तालियां बजाओ
और जयकारा लगाओ
आज भक्तों को दरश दिखाने वाला है

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/35062/title/mera-shyam-mere-ghar-aane-wala-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |